

# गैस की सतत आपूर्ति, वितरण एवं कालाबाजारी रोकने प्रशासन अलर्ट

## कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश, गैस की कालाबाजारी, अवैध भंडारण एवं अधिक मूल्य वसूली पर रहेगी सख्त निगरानी

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 मार्च। जिले में गैस की सतत आपूर्ति, पारदर्शी वितरण एवं कालाबाजारी रोकने जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। गैस की कालाबाजारी, अवैध भंडारण एवं अधिक मूल्य वसूली जैसी गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जायेगी। कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को तत्संबंध में सख्त निर्देश दिये।**



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने घरेलू गैस की सतत आपूर्ति, पारदर्शी वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा गैस की कालाबाजारी पर कड़ी रोक लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि आम उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए तथा वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो। गैस की कालाबाजारी, अवैध भंडारण एवं अधिक मूल्य वसूली जैसी गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखते हुए शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक समय पर पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने कार्यों की नियमित समीक्षा करें तथा लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि शिकायतों का निराकरण केवल औपचारिकता न होकर वास्तविक और संतोषजनक होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम अंतर्गत चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों तथा 100 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित शिकायतें प्रशासन की छवि को प्रभावित करती हैं, इसलिए इनका शीघ्र समाधान आवश्यक है। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित तथा समय-सीमा से बाहर हुए प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों पर नियमानुसार जुर्माना अधिरोपित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### ई-ऑफिस प्रणाली के उपयोग की हुई समीक्षा

बैठक में ई-ऑफिस प्रणाली के उपयोग की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यालयों में फाइलों का संचालन ई-ऑफिस के माध्यम से ही किया जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रणाली के उपयोग से कार्यों में पारदर्शिता बढ़ती है तथा फाइलों के निस्तारण में तेजी आती है। अधिकारियों को लंबित फाइलों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय, उपखंड अधिकारी मझौली आर.पी.त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# गैस एजेंसियों का निरीक्षण कालाबाजारी रोकने के निर्देश

## घरेलू गैस के दुरुपयोग पर कार्रवाई, होटल से सिलेण्डर जब्त

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 मार्च। प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि म.प्र. शासन के निर्देशानुसार नागरिकों से अपील की गई है कि गैस सिलेण्डर की पैनिक बुकिंग न करें तथा घरेलू गैस का उपयोग आवश्यकता अनुसार ही करें।**

कलेक्टर द्वारा गैस एजेंसियों को कालाबाजारी एवं जमाखोरी रोकने तथा घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता से गैस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा 16 मार्च को लीना इंडेन गैस एजेंसी, प्रताप गैस एजेंसी एवं शिव शक्ति गैस एजेंसी का निरीक्षण किया गया, जहां वितरण व्यवस्था सुचारू पाई गई। जांच के दौरान प्रिंस होटल मड़रिया चौराहा से एक घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किया गया तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को घरेलू गैस का उपयोग न करने की समझाइश दी गई। जिले में 14.2 किग्रा. के 4703 तथा 19 किग्रा. के 664 गैस सिलेण्डरों का स्टॉक उपलब्ध पाया गया।

### शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति भुगतान 20 तक सुनिश्चित करने के निर्देश

**सीधी 16 मार्च।** अपर कलेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुक्त जनजातीय विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा छात्रवृत्ति कार्य की प्रगति धीमी होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम माह मार्च में पात्र विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति भुगतान सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं संकुल प्राचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अभियान चलाकर अपने अधीनस्थ विद्यालयों में लंबित छात्रवृत्ति प्रकरण 20 मार्च 2026 तक पूर्ण कराएं, ताकि कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित न रहे। निर्देशों में कहा गया है कि विद्यार्थियों की ई-केवाईसी से पहले आधार को बैंक खाते से लिंक कराना, एनएसपी/ओटीआर एप के माध्यम से ओटीआर पूर्ण कराना तथा एमपी टास्क पोर्टल पर प्रोफाइल और आवश्यक जानकारी अपडेट करना सुनिश्चित किया जाए। 20 मार्च तक सभी प्रकार के छात्रवृत्ति कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण नहीं होने अथवा त्रुटिपूर्ण जानकारी मिलने पर संबंधित संस्था प्रमुख, संकुल प्राचार्य और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# कमल कामदार बने सिंधी पंचायत समिति सीधी के जिला अध्यक्ष

नवभारत न्यूज



**सीधी 16 जनवरी। जिले के वरिष्ठ समाजसेवी कमल कामदार को सिंधी समाज के संगठन सिंधी पंचायत समिति सीधी का जिला अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। उनके जिला अध्यक्ष बनने से समाज के लोगों में खुशी की लहर है और सभी ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।**

कमल कामदार लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हुए समाज के उत्थान एवं सेवा कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उनके नेतृत्व में सिंधी पंचायत समिति के माध्यम से समाजहित के कार्यों को और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि कमल कामदार अपने अनुभव, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक समर्पण से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

उनके जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने पर समाज के लोगों ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की हैं।

# अंतर राज्यीय वालीबॉल टूर्नामेंट दादर में देवरिया विजेता, प्रयागराज बनी उप विजेता

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 मार्च। 14 एवं 15 मार्च को खाषाडोल दादर के खेल मैदान में अंतर्राजीय बालीबाल टूर्नामेंट सम्पन्न हुआ, जिसमे रविवार को शाम हुए फाइनल मुकाबले मे देवरिया हास्टल उ.प्र. की टीम ने प्रयागराज उ.प्र. को 3-1 से हराकर विजेता टीम बनी, जबकि प्रयागराज की टीम उपविजेता टीम बनी।**





यह आयोजन जिला पंचायत सदस्य कृष्णलाल पयासी के मुख्य आतिथ्य, सरपंच रामदयाल कोल की अध्यक्षता, भाजयुमो जिला अध्यक्ष निशांत मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य, वरिष्ठ समाजसेवी व कांग्रेस नेता रामकृष्ण गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि रोंहणी रमण मिश्रा, भाजयुमो अध्यक्ष लाला भैया शुक्ला, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह, एड.पवन तिवारी, आनंद तिवारी, शिवप्रसाद मिश्रा, पुनीत पाण्डेय, सचिव हर्षनारायण सिंह रिंकू, अनुराग मिश्रा, कमलेश यादव, पुनीत अर्पण द्विवेदी सहित अन्य अतिथियों एवं हजारों खेल प्रेमियों की उपस्थिती में प्रतियोगिता का समापन हुआ। टूर्नामेंट में एमसीबी छत्तीसगढ़, दादर स्पोर्ट्स शहडोल, डिंडोरी की मेजबान टीमों ने सहभागिता की। आयोजन के प्रमुख सहयोगी दादर स्पोर्ट्स के खिलाड़ी व वालेंटियर्स सोनू, धीरज, बीरु, बेटू, पंकज तिवारी सोनू, पियूष अर्पण द्विवेदी, शुभम, कमलेश केवट, ध्रुव, भूपेश, सैम्प्रास, अम्बिकेश मिश्रा, दीपक मिश्रा, रोहित मिश्रा, अंकित, सुनील एवं अन्य सभी वालेंटियर्स का टूर्नामेंट को सम्पन्न कराने सराहनीय योगदान रहा। दादर स्पोर्ट्स एवं म्यूजिक संस्थान के संचालक कनक द्विवेदी ने सभी सहयोगियों अतिथियों, टीमों, वालेंटियर्स एवं दर्शकों के प्रति आभार जताया है।

# पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के छात्रों ने राज्य स्तरीय शिविर में किया प्रतिनिधित्व

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 मार्च। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी के छात्र खिलेश्वर साकेत एवं शिवम गुप्ता ने राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय शिविर में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। यह शिविर 8 से 14 मार्च तक चित्रकूट में आयोजित किया गया था।**



शिविर पूर्ण कर वापस लौटने पर महाविद्यालय में उनका स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.प्रभाकर सिंह ने दोनों स्वयंसेवकों को मेडल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी। प्राचार्य डॉ.सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। इस प्रकार के शिविरों से छात्र-छात्राओं में समाज के प्रति संवेदनशीलता और सेवा भावना का विकास होता है, जो वर्तमान समय में अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ.दिलीप कुमार सोनी, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गंगा देवी बैरागी, प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ.अरुणा सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.उमाकांत साहू तथा समाजशास्त्र विभाग की सहा. प्राध्यापक श्रेया शर्मा उपस्थित रहे।

# सिद्धार्थ की नाबाद 65 रन की पारी से सीधी की शानदार जीत

अंडर-18 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 मार्च। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देशानुसार एमपीसीए ग्राउंड रीवा में खेले जा रहे अंडर-18 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट के एकदिवसीय मुकाबले में जिला क्रिकेट संघ सीधी ने जिला क्रिकेट संघ मैहर को हराकर शानदार जीत दर्ज की।**

मैच में मैहर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए। मैहर की ओर से दीपांशु ने सर्वाधिक 35 रन और अरुणोदय ने 26 रन का योगदान दिया। सीधी की ओर से गेंदबाजी में पंकज, कार्तिक और आशीष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो-दो विकेट हासिल किए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीधी की टीम ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया और मैच अपने नाम कर लिया। सीधी की ओर से सिद्धार्थ ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 65 रन बनाए, जबकि कृष्ण वर्मा ने 42 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। मैहर की ओर से गेंदबाजी में ओम और दीपांशु को एक-एक विकेट मिला, लेकिन वे टीम को जीत नहीं दिला सके। इस जीत के साथ सीधी की टीम का मनोबल काफी बढ़ गया है। टूर्नामेंट का अगला मुकाबला कल सीधी और रीवा के बीच खेला जाएगा।



# भारत भवन भोपाल में होगी रंगदूत की प्रस्तुति

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 मार्च। सीधी इन दिनों रंगमंच के क्षेत्र में लगातार नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। सीधी के कलाकार देश ही नही बल्कि विदेशों में भी जिले का परचम लहरा रहे है। इसी क्रम में भारत भवन में स्त्री रचनाशीलता को समर्पित छह दिवसीय आद्या समारोह का आयोजन 17 मार्च से किया जा रहा है।**

महिलाओं की सृजनात्मक दृष्टिए संवेदना और कलात्मक नेतृत्व पर केन्द्रित इस सांस्कृतिक उत्सव का संयोजन भारत भवन के रंगमंडल प्रभाग द्वारा किया गया है। इस कार्यक्रम में जिले की अग्रणी रंगसंस्था रंगदूत सीधी का नाटक दर्पचूर्ण का चयन हुआ है । जिसका निर्देशन भारती शर्मा सोनी कर रही हैं। भारती ने बताया कि इस समारोह के माध्यम से रंगमंच पर स्त्री संवेदनाए विचार और रचनात्मक नेतृत्व को केन्द्र में लाने का प्रयास किया गया है। विविध कथ्य और शैली वाले इन नाटकों के जरिए स्त्री दृष्टि से समाजए संबंधों और मानवीय अनुभवों की नई व्याख्या देखने को मिलेगी। समारोह की विशेषता है कि इसमें प्रस्तुत होने वाले सभी नाटक महिला निर्देशकों द्वारा निर्देशित होंगे, दृष्टि की सशक्त उपस्थिति को रेखांकित करेंगे। भारत भवन में 17 मार्च से शुरू होने वाले इस समारोह में रंगदूत सीधी द्वारा प्रसिद्ध कथाकार शरतचन्द्र की कहानी पर आधारित नाटक दर्प चूर्ण का मंचन भारत भवन जैसे राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित मंच पर रंगदूत सीधी के कलाकारों की प्रस्तुति न केवल जिले के लिए गौरव की बात है बल्कि यह सीधी के रंगमंच की बढ़ती पहचान और संभावनाओं को भी दर्शाती है।

यह नाटक मानवीय संबंधों, अहंकार और गलतफहमियों के कारण टूटते रिश्तों की संवेदनशील कहानी को सामने लाता है। नाटक का मूल भाव इस विचार पर आधारित है कि टूटना अहंकार को चाहिए लेकिन अक्सर जीवन में अहंकार के कारण रिश्ते टूट जाते हैं। कहानी उस दौर की है जब भारतीय समाज में स्त्रीवादी सोच का प्रभाव प्रारंभ हो रहा था और आर्थिक परिस्थितियों के कारण परिवारों में तनाव बढ़ रहा था।

# नशीली कफ सिरप के अवैध विक्रेता पर कार्यवाही, 50 शीशी अवैध सिरप जब्त

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 मार्च। पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जमोड़ी पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है।**



थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर अवैध नशीली कफसिरप बरामद की है। दिनांक 15.03.2026 की रात्रि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अंधियारखोह का निवासी बृजेश उर्फ पुजेरी साकेत अपने घर के बाहर झाड़ियों में नशीली कफ सिरप छिपाकर बेचने की फिराक में है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल कार्यवाही की। मौके पर संदेही के घर के पास झाड़ियों से एक लाल रंग की बोरी बरामद हुई, जिसमें 50 शीशी ऑनरेक्स कफ सिरप कुल कीमत लगभग 15000 पाई गई। आरोपी द्वारा उक्त नशीली दवा के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर उसे एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 21, 22 एवं 5/13 ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

इस पूरी कार्यवाही में थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, सउनि गोविंद लाल, प्रधान आरक्षक रामखेलावन, कुशुम, आरक्षक सतीश तिवारी, अंकित सिंह एवं अभिषेक का विशेष और महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# निर्माण कार्य प्रारंभ करने की सूचना देना अनिवार्य

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 मार्च। सहायक श्रम पदाधिकारी ने बताया है कि श्रम विभाग द्वारा निर्माण स्थलों पर सुरक्षा एवं स्वस्थ कार्यस्थल सुनिश्चित करने तथा श्रमिकों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं।**

भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं सुरक्षा अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि श्रम सेवा पोर्टल मोबाइल एप के माध्यम से निर्माण स्थलों का पंजीयन, कर्मचारियों की संख्या, स्थल (लोकेशन) सहित अन्य आवश्यक जानकारी एकत्र की जा रही है। इस पोर्टल के माध्यम से नियोजक श्रमिकों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी भी दर्ज कर सकते हैं।

# तालाब, कुएं, बावड़ियों व जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए किए जाएं आवश्यक कार्य : सोमवंशी

## जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर ने ली बैठक, जल संरक्षण कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 मार्च। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अभियान की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।**



कलेक्टर श्री सोमवंशी ने बताया कि प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े विभिन्न कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गत वर्ष की कार्ययोजना में शामिल अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा नए जल संरक्षण कार्यों के साथ परम्परागत जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार भी कराया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांव का पानी गांव में और खेत का पानी खेत में सुरक्षित रखने के उद्देश्य से तालाब, कुएं, बावड़ियों सहित अन्य परम्परागत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए आवश्यक कार्य किए जाएं। उन्होंने नदियों के उद्गम स्थलों, जलाशयों तथा उनके कैचमेंट एरिया की साफ-सफाई और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने नहरों की सफाई, बांधों के कटाव को रोकने, पौधारोपण करने तथा शासकीय भवनों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने की दिशा में भी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही अभियान के अंतर्गत जल रैली, प्रभात फेरी, जल परिक्रमा एवं अन्य जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इसलिए जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम नागरिकों को भी अभियान से जोड़कर इसे जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाए।

### अभियान में विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका

कलेक्टर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों को प्रभावी रूप से संचालित करें। जल शक्ति मंत्रालय के पोर्टल पर जल संरक्षण से जुड़े कार्यों की जानकारी समय पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए।

### बैठक में ये अधिकारी रहे शामिल

बैठक में वन मंडलाधिकारी श्रीमती प्रीती अहिरवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय, उपखंड अधिकारी मझौली आर.पी.त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।